क्रमांक 3323015/छ.ग./2012/
कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन,
नार्थ ब्लाक सेक्टर–19, अटल नगर,
जिला–रायपुर, छत्तीसगढ़

दिनांक /03/2019

प्रति,

संचालक,
जन संपर्क संचालनालय,
इन्द्रावती भवन, अटल नगर,
जिला–रायपुर (छ.ग.)

विषय :– **जल संसाधन विभाग में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञप्ति जारी करने के संबंध में।**

संदर्भ :– छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, जिला–रायपुर का पत्र क्रमांक 3488/2738/31/स्था./2013 दिनांक 12.10.2017.

****

उपरोक्त विषयांतर्गत शासन के उक्त संदर्भित पत्र की छायाप्रति संलग्न है। राज्य शासन द्वारा जल संसाधन विभाग के अंतर्गत सीधी भर्ती के राज्य स्तरीय पद संवर्ग के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर के माध्यम से लिखित चयन परीक्षा आयोजित कर रिक्त पदों की पूर्ति हेतु भर्ती किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त पदों की पूर्ति हेतु व्यापम द्वारा आयोजित बैठक दिनांक 05.01.2019 को हुई चर्चानुसार प्रयोगशाला तकनीशियन पद संवर्ग के विज्ञापन कार्यालयीन पत्र 3323015/छ.ग./2012/1451 दिनांक 05.02.2019 द्वारा जारी कर दिया गया है तथा शेष पदों की विज्ञापन जारी करने हेतु दिनांक 28.02.2019 को सलाहकार एवं उप नियंत्रक, व्यापम के समक्ष में हुई चर्चानुसार तृतीय श्रेणी तकनीकी (अकार्यपालिक) बांध निरीक्षक के 03 पद एवं अनुसंधान सहायक के 04 रिक्त पदों को भरे जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि **15.03.2019** निर्धारित की गई है।

कृपया उपरोक्तानुसार पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन समाचार पत्रों में प्रकाशित किये जाने का सादर अनुरोध है।

सहपत्र :– उपरोक्तानुसार।
(विज्ञापन प्रारूप सहित)

प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग,
छत्तीसगढ़, रायपुर

पृष्ठां. क्रमांक 3323015/छ.ग./2012/3193 रायपुर, दिनांक 08/03/2019

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. सलाहकार, छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल, व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, जिला–रायपुर छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. नोडल अधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन एवं भू–जल सर्वेक्षण मंडल, रायपुर।
4. कार्यपालन अभियंता, एम.आई.एस. कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़, रायपुर।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहपत्र :– उपरोक्तानुसार।
(स.क्र. 02 एवं 03 के लिए)

प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग,
छत्तीसगढ़, रायपुर

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नार्थ ब्लाक सेक्टर–19, अटल नगर, जिला–रायपुर, छत्तीसगढ़

क्रमांक 3323015/छ.ग./2012/ रायपुर, दिनांक /03/2019

सीधी भर्ती से नियुक्ति हेतु विज्ञापन

छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नार्थ ब्लाक सेक्टर–19, अटल नगर, जिला–रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा बांध निरीक्षक एवं अनुसंधान सहायक के पदों पर सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, नार्थ ब्लाक सेक्टर–19, अटल नगर, जिला–रायपुर के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in पर आमंत्रित किये जाते हैं।

बांध निरीक्षक एवं अनुसंधान सहायक पदों के लिए ऑनलाइन (MCQ) भर्ती परीक्षा–2019 हेतु प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है :–

1. परीक्षा की तिथि – 25 जुलाई 2019
2. परीक्षा का समय – प्रातः 09.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक
3. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि – 15.03.2019
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि – 07.04.2019 (रविवार) रात्रि 11.59 बजे तक।
5. परीक्षा केन्द्र 03 संभागीय मुख्यालयों में – रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग
   (नोट – परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु अभ्यर्थी को निकटस्थ जिले में परीक्षा केन्द्र आंबटित किया जा सकता है।)

पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	पद नाम	वेतनमान	वर्ग	पद संख्या	शैक्षणिक योग्यता
1	बांध निरीक्षक	9300–34800/– + ग्रेड वेतन 4200/– वेतन मैट्रिक्स लेवल–08	अनारक्षित	01	राज्य शासन द्वारा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा या गणित, भौतिकी तथा रसायन में बी.एस.सी.।
			अ.ज.जा	01	
			अनु.जति	–	
			अ.पि.वर्ग	01	
			योग :–	03	
2	अनुसंधान सहायक	9300–34800/– + ग्रेड वेतन 4200/– वेतन मैट्रिक्स लेवल–08	अनारक्षित	02	राज्य शासन द्वारा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी से गणित, भौतिकी, रसायन में बी.एस.सी. या भौतिकी में एम.एस.सी. डिग्री या उपरोक्त विषयों में समकक्ष।
			अ.ज.जा	01	
			अनु.जति	–	
			अ.पि.वर्ग	01	
			योग :–	04	

यह नियुक्तियॉ माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के रिट पिटिशन क्रमांक (C) 591/2012, 592/2012, 593/2012, एवं 594/2012 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित किये जाने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन रहेगा। विस्तृत विज्ञापन, पाठ्यक्रम, परीक्षा कार्यक्रम, ऑनलाइन आवेदन एवं शुल्क भुगतान की विधि तथा अन्य विस्तृत जानकारी व्यापम की **वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in** पर देखा जा सकता है।

प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग,
छत्तीसगढ़, रायपुर